# सिटीजन चार्टर,

# बुनकर सेवा केन्द, पानीपत

भारत सरकार ,
वस्त्र मंत्रालय, बुनकर सेवा केन्द्र,
प्लाट नं. 17-22 , ओल्ड कोर्ट रोड़,
इण्डस्ट्रियल एरिया, पानीपत 132103
फ़ोन न. : 180-2655715
ई-मेल: **wscpanipat75@gmail.com**

# बुनकर सेवा केन्द्र, पानीपत

## हमारा दृष्टिकोण

- हथकरघा उद्योग को सतत विकास की सुविधा प्रदान करना तथा इसे विश्व बाजार में बढ़ावा देना ।

## हमारा उद्देश्य

- हम हथकरघा उत्पादों के उन्नयन कौशल , विकास / विविधिकरण , तकनीकी सलाह आदि में पूर्ण रूप से समर्पित है ।

## हमारा महत्वता

- हथकरघा बुनकरों की तकनीकी जरूरतों की पहचान ।
- हर प्रकार की सहायता के साथ इस क्षेत्र के हर कोने तक पहुंचने के लिए समर्पित रहते है ।

## हमारी प्रतिबद्धता

- बुनकरों को बुनाई / रंगाई / छपाई आदि क्षेत्र में सभी संभव तकनीकी सहायता प्रदान करना ।
- तकनीकी रूप से हथकरघा क्षेत्र के निरन्तर विकास के लिए एक सतत आधार पर कार्यरत रहना ।
- हथकरघा बाहुल्य क्षेत्र में जाकर बुनकरों तथा इस क्षेत्र से जुड़े लोगों को तकनीकी सहायता प्रदान करना ।
- हथकरघा बुनकरों को समर्थ योजना /कौशल उन्नयन / डिजाइन विकसित करने / बुनाई / रंगाई का बुनकर बहुलता क्षेत्र मे जाकर लघु अवधि प्रशिक्षण देना ।

## हमारे शासनादेश

- क्षेत्र की आवश्यकता के अनुसार पेपर डिजाइन तथा विभिन्न प्रकार के कपड़े के नमूनों को विकसित करना ।
- बुनाई , रंगाई और छपाई में नई टेकनालाजी विकसित करना ।
- बुनकर सेवा केन्द्र के परिसर में या हथकरघा बुनकर , डायर्स , प्रिंटर और डिजाइनरों के लाभ के लिए लाभार्थी बहुलता क्षेत्र मे जाकर विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रमों का संचालन करना ।
- हथकरघा बुनकर , डायर्स , प्रिंटर द्वारा उनकी तकनीकी समस्याओं को सुलझाना तथा तकनीकी सहायता प्रदान करना ।
- विभिन्न प्रदर्शनियों , कार्यशालाओं और सेमिनारों का आयोजन करना तथा इनमें भाग लेना ।
- हथकरघा क्षेत्र की बेहतरी और उत्थान के लिए विभिन्न सरकारी योजनाओं को लागू करना ।
- बाजार उपलब्ध कराना ।

**हमारे ग्राहकगण**

हथकरघा बुनकर व्यक्तिगत रूप से अथवा संगठित रूप में , हथकरघा सहकारी समितियां , गैर सरकारी संगठन जो कि हथकरघा क्षेत्र में कार्य कर रहे है , राज्य हथकरघा निगम्, शीर्ष निकायों, विभिन्न टेक्सटाइल डिप्लोमा एवम इंजीनियरिंग के छात्रगण, निर्यातकों , डायर्स , प्रिंटर और शहरी , ग्रामीण क्षेत्रों के संसाधक जो कि हथकरघा कार्य से जुड़े हुये हैं।

**हमारे संसाधन**

बुनकर सेवा केन्द्र , पानीपत मे फ़िलहाल दो अनुभाग - बुनाई एवं रंगाई / छपाई है जो कि तकनीकी साजोसामान एवं यन्त्रों से सुसज्जित हैं ।

प्रत्येक अनुभाग में योग्य अनुभवी तकनीकी युक्त व्यक्ति कार्य कर रहे हैं, जिन्हें प्रशिक्षण कार्य के लिए आधुनिक आवश्यक जानकारी व जागरूकता है।

विकास आयुक्त हथकरघा , वस्त्र मंत्रालय के कार्यालय के निहित कार्यालय के प्रति सम्पूर्ण वित्तीय सहयोग एवं प्रतिबद्धता है ।

**हमारी सेवायें**

हमारे द्वारा ग्राहकों की आवश्यकता अनुसार हथकरघा पर तैयार किये हुये अथवा प्रिंटेड कपड़े के नमूने तैयार किये जाते है तथा उन्हें सरकारी न्यूनतम अनुमोदित दर 200 /-प्रति नमूने की दर से बेचते हैं ।
हमारे द्वारा कपड़े का विश्लेषण करने या तकनीकी समस्याओं के सूलझाने हेतु 200 /- रुपए न्यूनतम दर से तकनीकी सहायता प्रदान की जाती है ।

हमारे केन्द्र में नियमित पाठ्यक्रम बुनाई एवं रंगाई व छपाई मे 4 माह का अल्पकालीन प्रशिक्षण दिया जाता है । इनमें सामान्य वर्ग के छात्रों से 600 /-रुपए प्रतिमाह की दर से तथा अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / अल्पसंख्यक समुदाय के छात्रों से 300 / -रुपए प्रतिमाह की दर से फीस ली जाती है ।

इस केन्द्र के द्वारा आवश्यकता के अनुसार ओबेर्जेवट्री प्रशिक्षण (30 दिन तक) भी उपरोक्त दर पर प्रदान किया जाता है ।

भारत सरकार की विभिन्न जैसे- NHDP के अंतर्गत CDP / समर्थ योजना आदि हथकरघा प्रशिक्षण कार्यक्रम योजनाओं के तहत बुनकर बहुलता क्षेत्र मे जाकर प्रशिक्षण आयोजित करते हैं ।

हमारे द्वारा हथकरघा बुनकरों और निर्यातकों के लाभ के लिए आवश्यकतानुसार प्रदर्शनियाँ / मेले / जागरूकता कार्यक्रम / सेमिनारों का आयोजन किया जाता है ।

हमारे द्वारा समीतियों / राष्ट्रीय पुरस्कार विजेताओं का नाम दिल्ली हाट , सूरजकुंड मेला , ताज महोत्सव व अन्यमेलों के लिए नामांकित किया जाता है तथा आवश्यक कार्यवाही हेतु मुख्यालय को अग्रसारित किया जाता है जिससे कि ये यहाँ पर अपने द्वारा तैयार माल की बिक्री कर सकें ।

## हमारी योजनाएँ

राष्ट्रीय हथकरघा विकास योजना (NHDP) के अंतर्गत निम्नयोजनाए इस प्रकार है :-

- क्लस्टर डेव्लपमेंट प्रोग्राम (CDP- Earlier Known as BLC)
- हथकरघा संवर्धन सहायता योजना (HSS)
- समर्थ योजना (SAMARTH Scheme)
- मेगा हथकरघा क्लस्टर (Earlier Known as CHCDS)
- हथकरघा विपणन सहायता – जिला/राज्य/राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शनी एवं मेले(HMA)
- रियायति ऋण/ बुनकर मुद्रा योजना – Concessional Credit Scheme/Weaver MUDRA Loan
- हथकरघा बुनकर कल्याण योजना (Earlier Known as HWCWS)
- बुनकरो का जीवन बीमा PMJJBY/PMSBY
- गरीब पुस्कार विजेता बुनकरो की वितीय सहायता प्रदान करना
- बुनकरो के बच्चों की टेक्सटाइल संस्थानों से पढ़ने मे वितीय सहायता प्रदान करना
- ब्रांड निर्माण (हण्ड्लूम मार्क स्कीम, इंडिया हण्ड्लूम ब्रांड एवं भोगोलिक संकेतक पंजीकरण) मे सहायता प्रदान करना
- कच्चा माल योजना – NHDC द्वारा सबसिडी दर से धागे की आपूर्ति मे सहयोग करना
- बुनकर मित्र हेल्पलाइन : 1800-208-9988 (टोल फ्री नंबर)

उपरोक्त सभी प्रकार की सेवायें बुनकर सेवा केन्द्र , पानीपत में उपलब्ध है जो कि प्लाट न0 -17 से 22 , इण्डस्ट्रियल एरिया , ओल्ड कोर्ट रोड , पानीपत में स्थित है । तथा किसी भी प्रकार की सेवाओं के लिए दूरभाष सं. 0180-2655715, 8570002922 द्वारा सम्पर्क किया जा सकता है ।

## उत्कृष्टता प्रोत्साहन

अपने क्षेत्राधिकार के अन्तर्गत बुनकर / प्रिंटर / डिजाइनर व अन्य हेतु जो कि विशेष सामान तैयार करते हैं उनकी सिफारिश राष्ट्रीय/पदम पुरस्कार हेतु इस केन्द्र द्वारा की जाती है तथा उन्हें भारत के माननीय राष्ट्रपति द्वारा पुरस्कार प्रदान किये जाते हैं ।

## हमारे सम्पर्क

डायरेक्टर ऑफ इण्डस्ट्रीज एंड कॉमर्स, हरियाणा सरकार

डायरेक्टर ऑफ इण्डस्ट्रीज एंड कॉमर्स, पंजाब सरकार

जनरल मेनेजर , जिला उद्योग केन्द्र एवम ऍम.एस.ऍम.ई से संबंधित हरियाणा व पंजाब के सभी जिले ।

नेशनल इन्स्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलाजी ( एन.आई.एफ.टी )
इण्डियन इन्स्टीट्यूट ऑफ हैण्डलूम टेक्नोलाजी ( आई.आई.एच.टी )
सभी अन्य बुनकर सेवा केन्द्र

## शिकायतें एवं सुझाव

हम शिकायतों एवं सुझावों का शीघ्र जबाब देते हैं तथा इन्हें शीघ्र हल करने की कोशिश करते है । यदि शिकायतकर्ता संतुष्ट नहीं है तो वह इसे शिकायत अधिकारी हथकरघा विकास आयुक्त कार्यालय , उद्योग भवन नई दिल्ली -110011 को भेज सकते हैं अथवा निम्न पते पर शिकायत भेज सकते हैं ।

क्षेत्रीय निदेशक ( उत्तरी क्षेत्र ) फोन नम्बर:
बुनकर सेवा केन्द्र , बुनकर कालोनी 011-27303793
भारत नगर , दिल्ली -110052
011-27302999